>

Title: Need to strengthen police and intelligence agencies to curb crimes against girls -laid.

श्री छतर सिंह दरबार (धार): भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश सरकार बालिकाओं की सुरक्षा का लेकर विभिन्न कदम उठा रही है । तमाम सरकारी उपायों के बावजूद बालिकाओं के विरुद्ध आपराधिक वारदातें होती रहती हैं । ऐसा देखने में आया है कि कई पाकिस्तान प्रायोजित संगठन देश में सक्रिय होकर बालिकाओ को बरगलाकर अपहरण जैसी घटनाओं को अजाम दे रहे हैं इस परिप्रेक्ष्य में सरकार से मेरा आग्रह है कि पुलिस के खुफिया तंत्र को और मजबूत तथा जवाबदेह बनाया जाए जिससे उक्त अपराधियों के विरुद्ध समय पर कार्यवाही हो सके ।